संपादकीय

## उपभोक्ता अधिकार के पक्ष में

उड़ानों के रद्द होने या देरी से उड़ने के कारण यात्रियों को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई अब विमान कंपनियों को करनी होगी। अमेरिका ने कहा है कि इन कंपनियों ने इतनी देर की जिससे ग्राहकों के अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

अमेरिका में छह विमानन कंपनियों को ग्राहकों के लगभग दस अरब रुपये लौटाने का आदेश दिया गया है। इन कंपनियों में भारत की एयर इंडिया भी है। इन कंपनियों पर लगभग साढ़े सात करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। एयर इंडिया से अपने ग्राहकों को 12.15 करोड़ डॉलर यानी लगभग नौ अरब 85 लाख रुपये लौटाने को कहा गया है। मामला कोविड-19 महामारी के दौर का है। तब उड़ानों के रद्द होने या देरी से उड़ने के कारण यात्रियों को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई अब विमान कंपनियों को करनी होगी। अमेरिका के परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि इन कंपनियों ने इतनी देर की जिससे ग्राहकों के अधिकारों का उल्लंघन हुआ। 2020 की शुरुआत में जब महामारी का फैलना शुरू हुआ, तो लगभग सभी देशों ने अपनी सीमाएं बंद कर दी थीं और आवाजाही बंद हो गई थी। इस वजह से विमानों की आवाजाही या तो बंद हो गई या अत्यधिक प्रभावित हुई। तब हजारों लोगों ने परिवहन मंत्रालय को विमानन कंपनियों की शिकायत की थी। सबसे ज्यादा शिकायतें रिफंड ना मिलने की हुई थीं।

अमेरिका के परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि जब अमेरिकी लोग किसी एयरलाइन की टिकट खरीदते हैं, तो वे उम्मीद करते हैं अपनी मंजिल पर सुरक्षित, पूरे भरोसे के साथ और वाजिब खर्च में पहुंच जाएंगे। मंत्रालय ने कहा है- 'हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि विमानन कंपनिया इन उम्मीदों को पूरा करें।' तो कंपनियों पर कार्रवाई की गई है। मंत्रालय ने कहा है कि अन्य कार्रवाइयों की तैयारी भी चल रही है। कई मामलों में जांच भी जारी है। यानी जल्दी ही जुर्मानों के बारे में और समाचार आ सकते हैं। लेकिन गौरतलब है कि अमेरिकी कंपनिया इस कार्रवाई से बच गई हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी और अमेरिकी विमानन कंपनी के खिलाफ जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। मंत्रालय का दावा है कि अमेरिकी विमानन कंपनियों ने रिफंड देने की अपनी जिम्मेदारी को अप्रैल 2020 में तेजी से निभाया। अब इस बात में कितनी पारदर्शिता है, यह बाद में पता चलेगा। बहरहाल, उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा का यह कदम स्वागतयोग्य है।

# आस्ट्रेलियायी विश्वविद्यालय का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ समझौता



**नयी दिल्ली।** वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वावधान में यहां भारत के सात राज्यस्तरीय कृषि विश्वविद्यालयों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

राज्यस्तरीय कृषि विश्वविद्यालयों में जी.बी. पंत कृषि विश्वविद्यालय (उत्तराखंड), महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (राजस्थान), गुरुग्राम विश्वविद्यालय, डॉ बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ (महाराष्ट्र), शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जम्मू-कश्मीर), कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (बैंगलोर),

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हिसार) शामिल हैं।

इस समझौते के तहत विद्यार्थियों को दोहरी डिग्री दिए जाने का भी प्रावधान है।

आईसीएआर दुनिया में कृषि अनुसंधान और शिक्षा संस्थानों का सबसे बड़ा नेटवर्क है और उसके नेतृत्व में कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार प्रणाली को आगे बढ़ाना भी इन समझौतों का हिस्सा है। आस्ट्रेलिया वेस्टर्न सिडनी विश्व विश्वविद्यालय टाइम्स हायर एड्यूकेशन की नयी यूनिवर्सिटी इम्पैक्ट रैंकिंग में अपने सामाजिक, पारिस्थितिक और आर्थिक प्रभाव के लिए दुनिया में नंबर पर है।

समझौते के बाद जारी एक बयान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ. राकेश चंद्र अग्रवाल के हवाले से कहा गया है ,' अब स्टेट और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों व और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच 23 भागीदारी समझौते हुए हैं। यह बड़े पैमाने पर अनुसंधान और क्षमता निर्माण को सक्षम बना रहा है। इसमें छात्रवृत्ति के साथ दोहरी स्नातकोत्तर और पीएचडी उपाधि का प्रावधान है। इसके अलावा यह साझेदारी भारत और ऑस्ट्रेलिया में जलवायु स्मार्ट कृषि प्रणालियों में अनुसंधान का नेतृत्व कर रही है।'

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी चांसलर और प्रेसिडेंट प्रोफेसर बार्नी ग्लोवर एओ ने कहा, 'यह भारतीय स्टेट और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों और अन्य भागीदारों के लिए हमारी 1.5 करोड़ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। इसके हत 50 पीएचडी छात्रवृत्ति दी जाएगी जो किसानों को कृषि उपज बढ़ाने और भारत में खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जलवायु परिवर्तन के बीच दौर में कुशल कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ाने में मदद करेगी।'


भारत में ऑस्ट्रेलिया की उप उच्चायुक्त सारा स्टोरी ने एसडीजी फोरम की शुरुआत की। उन्होंने कहा, 'यह स्मार्ट कृषि साझेदारी और छात्रवृत्तियां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहरे होते संबंधों की एक महत्वपूर्ण बानगी है।'

**भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौते से निर्यात के लिए नए अवसर खुलेंगे : फियो**

देश में निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (भारत-आस्ट्रेलिया ईसीटीए) दोनों देशों के संबंधों में एक मील का पत्थर है और इससे दोनों देशों के बीच एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते का मार्ग प्रशस्त होगा।

भारतीय निर्यात संघों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष डॉ. ए. शक्तिवेल ने भारत-आस्ट्रेलिया ईसीटीए को रिकॉर्ड समय में अनुमोदित के स्तर पर पहुंचाने में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का धन्यवाद करते हुए कहा, 'यह ईसीटीए एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते का मार्ग प्रशस्त करेगा, जो साझेदारी के नए क्षेत्रों को शामिल करते हुए संबंधों का और विस्तार करेगा।

## दिव्यांशी गौतम फाइनल में, यूपी का पदक पक्का



**लखनऊ ।** दिव्यांशी गौतम ने योनेक्स सनराईज 34वीं सब जूनियर अंडर -13 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2022 में बालिका एकल के फाइनल में प्रवेश कर मेजबान उत्तर प्रदेश का पदक पक्का किया। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हाल में दिव्यांशी को बालिका एकल के सेमीफाइनल में आंध प्रदेश की छठीं वरीय रेणुश्री को सीधे गेम में 21-16, 21-14 से हराया। फाइनल में 15वीं वरीय दिव्यांशी की टक्कर आठवीं वरीय ओडिशा की तन्वी पत्री से होगी जिसने दूसरे सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश की पांचवीं वरीय तन्मई धमाम को 21-10, 21-12 से हराया। दूसरी ओर बालक एकल का फाइनल 11वीं वरीय आंध्र प्रदेश के अखिल रेड्डी बोपा और चौथी वरीय तेलंगाना के निशांत भूक्या के बीच खेला जाएगा।

## भारत 2022-23 में जी20 समूह में सऊदी अरब के बाद तेजी से वृद्धि करती अर्थव्यवस्था होगा : ओईसीडी




**लंदन ।** विकसित औद्योगिक देशों के संगठन (ओईसीडी) का अनुमान है कि भारत वित्त वर्ष 2022-23 में जी20 समूह में सऊदी अरब के बाद सबसे तेजी से वृद्धि करती अर्थव्यवस्था होगा।

रूस यूक्रेन लड़ाई के कारण कच्चे तेल के बाजार में आए उबाल से परेशान पूरी दुनिया इस समय मुद्रास्फीति के भारी दबाव और आर्थिक गतिविधियों में नरमी के दौर से गुजर रही है।

पेरिस स्थित संगठन ओईसीडी ने जारी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मांग नरम हो रही है और केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीतियों को सख्त करते जा रहे हैं, इसके बावजूद भारत चालू वित्त वर्ष में जी20 समूह की अर्थव्यवस्थाओं में दूसरे नंबर की सबसे तीव्र वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था रहेगा। ओईसीडी की ताजा इकोनामिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर निर्यात में और घरेलू अर्थव्यवस्था में मांग के हल्का होने के चलते घटकर 5.7 फीसदी रहेगी, बावजूद इसके भारत की आर्थिक वृद्धि दर अगले वर्ष चीन और सऊदी अरब से ऊपर ही रह सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में 6.6 फीसदी की वृद्धि हासिल करने के बाद 2023 में भारत की वृद्धि गिरकर 5.7 फीसदी पर आ जाएगी, लेकिन 2224-25 में यह फिर बढक़र सात फीसदी तक जा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है भारत में मुद्रास्फीति कम से कम 2023 के शुरुआती महीनों तक रिजर्व बैंक के ऊपरी सहनीय छह फीसदी के लक्ष्य से ऊपर बनी रहेगी। रिपोर्ट में वित्तीय क्षेत्र में भारत द्वारा हाल के वर्षों में की गई प्रगति का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि वित्तीय सेवाएं आबादी के एक बड़े हिस्से तक पहुंचने लगी हैं और आज इसका लाभ आर्थिक सामाजिक रूप से अभाव में गुजर रहे लोगों तक पहुंच रहा है ।

## आईपीएल नीलामी में अपना नाम देंगे रूट



**मुंबई ।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट 23 दिसंबर 2022 को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के लिये होने वाली नीलामी में अपना नाम शामिल करेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने यह जानकारी दी।

रूट ने इससे पहले 2018 की नीलामी में भी अपना नाम शामिल किया था लेकिन उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा। वह इसके अलावा इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट और ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिये खेल चुके हैं।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने कहा कि रूट को एक बार फिर किसी भी फ्रेंचाइजी द्वारा न खरीदे जाने की आशंका है, हालांकि उन्होंने किसी टीम या कीमत पर विचार नहीं किया है और वह दुनिया की प्रमुख टी20 लीग का अनुभव करना चाहते हैं। उन्होंने मई 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ 42 गेंदों पर 47 रन बनाने के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

उल्लेखनीय है कि रूट ने कहा आईपीएल में समय मिलने से वह टी20 में अपनी कमियों को दूर कर पायेंगे।

रूट ने कहा था, संन्यास या धीमा होने या कम प्रारूप खेलने के बारे में मेरे मन में कोई विचार या भावना नहीं है। फिलहाल मैं अपने समय के साथ थोड़ा और आजाद महसूस कर रहा हूं। मैं हमेशा टी20 (सीरीज) के दौरान आराम करता था और मुझे लगता है कि मैं प्रारूप से अलग हो गया था क्योंकि मैंने इसे पर्याप्त समय नहीं दिया।

उन्होंने कहा था, आप ऐसा महसूस कर सकते हैं कि आप थोड़ा पीछे छूट रहे हैं। अगले कुछ साल उस प्रारूप को थोड़ा अधिक खेलने और यह पता लगाने का अच्छा समय हो सकते हैं कि मैं अपने खेल के उस पहलू को कितना आगे ले जा सकता हूं।

## भारत ने शतरंज चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



**यरुशलम।** स्पेन, पोलैंड, फ्रांस, अजरबैजान और भारत यरुशलम में 2022 पुरुष विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। पांच राष्ट्रीय टीमें चीन, यूक्रेन और उज्बेकिस्तान के साथ शामिल हो गईं, पहले ही अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया था।

स्पेन ने छह टीमों के ग्रुप ए के पांचवें और आखिरी दौर में दक्षिण अफ्रीका को 4-0 से हराया, जबकि चीन ने फ्रांस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। यूक्रेन और नीदरलैंड ने भी 2-2 से ड्रॉ खेला।

ग्रुप में चीन नौ अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि फ्रांस, स्पेन और यूक्रेन को छह-छह अंक मिले।

ग्रुप बी में, अजरबैजान ने इजराइल को 2.5-1.5 से हराया, भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका को 3-1 से हराया और उज्बेकिस्तान ने पोलैंड के साथ 2-2 से ड्रा खेला।


उज्बेकिस्तान और अजरबैजान सात अंकों के साथ समाप्त हुए। भारत के छह अंक रहे।

पोलैंड और इजराइल ने चार-चार अंक प्राप्त किए, जिसमें पोल्स ने टाईब्रेकर के कारण क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बुधवार को क्वार्टर फाइनल में चीन का सामना पोलैंड से, स्पेन का अजरबैजान से, यूक्रेन का मुकाबला उज्बेकिस्तान से और भारत का मुकाबला फ्रांस से होगा।

## अजय देवगन की फिल्म भोला का टीजर जारी

### फिर गंभीर अंदाज में दिखे अभिनेता



अजय देवगन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज दृश्यम 2 को लेकर चर्चा में हैं। इधर मंगलवार को उन्होंने अपनी अगली फिल्म भोला का टीजर भी जारी कर दिया है। भोला की भी लंबे समय से चर्चा थी और अब आखिरकार प्रशंसकों को फिल्म की झलक देखने को मिल गई है। यह तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। दृश्यम के बाद इस फिल्म में भी अजय के साथ तब्बू नजर आने वाली हैं।

भोला का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स ने किया है। यह फिल्म 30 मार्च, 2023 को रिलीज होगी। टीजर में बताया गया है कि फिल्म 3डी में भी रिलीज होगी। टीजर में अजय का किरदार जेल के कैदी के रूप में दिखाया गया है। उसके हाथ में भगवद् गीता और माथे पर भस्म है। टीजर में यह सस्पेंस बनाया गया है कि वो कौन है? इसके जवाब के लिए अब दर्शकों के ट्रेलर का इंतजार करना होगा।

इस फिल्म का निर्देशन खुद अजय ने किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में अजय, तब्बू और राई लक्ष्मी नजर आएंगे। आईएमडीबी के अनुसार फिल्म में संजय मिश्रा और दीपक डोबरियाल भी नजर आएंगे। यह तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। कैथी 2019 में रिलीज हुई थी जिसमें अभिनेता कार्ति मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

## पहली बार आशिकाना 2 में मिताली नाग ने निभाई नकारात्मक भूमिका



मिताली नाग, तेजस्विनी रायजादा के रूप में वेब सीरीज आशिकाना 2 में एंट्री करने वाली है। इसमें मिताली नाग नकारात्मक भूमिका निभाएंगी। इसको लेकर अभिनेत्री ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, मैं टीवी पर नकारात्मक भूमिकाएं लेने के बारे में हमेशा सतर्क रही हूं।

जब कास्टिंग डायरेक्टर, डिंपी ने मुझे इस भूमिका के लिए बुलाया, तो उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं इसे करने या न करने का फैसला करने से पहले पूरी बात सुन लूं क्योंकि यह एक रेगुलर वैम्प नहीं है। गुल खान जी से संक्षिप्त जानकारी सुनने के बाद, जो न केवल निर्माण कर रहे हैं बल्कि श्रृंखला भी लिख रहे हैं, मैंने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी अधूरे कार्य के पूर्ण होने से धनागम सुनिश्चित होगा। आज आपके सामाजिक व्यवहारों में वृद्धि होगी। मध्यान के बाद सेहत के साथ साथ कार्य क्षेत्र में भी सुधार होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। स्वभाव से चंचल रहेंगे। किसी की भी बातो को बिना तथ्य जाने सच न माने। पुरानी बीमारियों में आज थोड़ा सुधार आएगा फिर भी लापरवाही से बचें।

**मिथुन :** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। विरोध करने वालो को अपनी गलती का अहसास होगा। कार्य क्षेत्र पर आज अनमने मन से ही कार्य करेंगे। धन लाभ अल्प मात्रा में होगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कर्क :** आज के दिन आप अधिक परिश्रम के कारण शारीरिक शिथिलता अनुभव करेंगे लेकिन परिश्रम का सकारात्मक फल मिलने से उत्साहित भी रहेंगे। आवश्यकता अनुसार धन की आमद हो ही जाएगी।

**सिंह :** आज का दिन आपकी सुख शांति में वृद्धि करेगा। व्यापार व्यवसाय में आकस्मिक लाभ के सौदे मिलने से भविष्य की योजनाएं गति लेंगी। नौकरी पेशा जातको को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा जिससे सम्मान की प्राप्ति भी होगी।

**कन्या :** आज आप आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास करेंगे। आप पूरी निष्ठा एवं तैयारी के साथ अधूरे कार्य पूर्ण करने में लग जाएंगे। सहकर्मियों का सहयोग अपेक्षा से कम ही रहेगा फिर भी धन लाभ में ज्यादा व्यवधान नही आएंगे। बड़ो का आशीर्वाद फलिल होगा।

**तुला :** आज आप दिन का समय शांति से बिताएंगे। कोई समाचार प्राप्त हो सकता है। धार्मिक भावनाएं आज बलवती रहेंगी। धर्म के कामो में समय एवं धन व्यय करेंगे। आर्थिक रूप से आज का दिन आपके बौद्धिक एवं शारीरिक परिश्रम पर ज्यादा निर्भर करेगा।

**वृश्चिक :** आज के दिन मध्यान से पहले आपको कोई लाभदायक समाचार मिलेगा धन कोष में भी आकस्मिक वृद्धि होगी। कार्य व्यवसाय से दिन के पहले भाग में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक लाभ कमा लेंगे।

**धनु :** आज आप पूरी निष्ठा एवं तैयारी के साथ अधूरे कार्य पूर्ण करने में लग जाएंगे सहकर्मियों का सहयोग अपेक्षा से कम ही रहेगा फिर भी धन लाभ में ज्यादा व्यवधान नही आएंगे।

**मकर :** आज के दिन आपकी महात्त्वकांक्षाये बढ़-चढ़ कर रहेंगी। कार्य व्यवसाय में जल्दबाजी न करने की सलाह है मन लगाकर कार्य करें परिणाम सुखद होंगे। आर्थिक रूप से दिन सामान्य रहेगा। मध्यान के बाद कही से अकस्मात लाभ होने की संभावना है।

**कुंभ :** आज आपका दिन मनोनुकूल ही रहेगा। कोई समाचार प्राप्त हो सकता है। धार्मिक भावनाएं आज बलवती रहेंगी। धर्म के कामो में समय एवं धन व्यय करेंगे। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**मीन :** आपको आज का दिन मिला-जुला फल देगा। भाई व मित्र के सहयोग से सफलता मिलेगी। आध्यात्मिक विचारों में और वृद्धि होगी। दिन के आरंभ में आलस्य रहेगा। अतिआवश्यक एवं धन संबंधित कार्य मध्यान से पहले पूर्ण करने का प्रयास करें।

## सर्दियों में उठाएं गरमागरम गोभी पराठों का लुत्फ़



**सर्दियों में पराठे खाने का मजा ही कुछ और होता है और इस मौसम में गोभी खूब मिलती हैं। इसे बनाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता। आइए जानें गोभी पराठा बनाने की रेसिपी।**

**सामग्री :**

1 बाउल कटी हुई गोभी, 1 बाउल गेहूं का आटा, 1 चम्मच अजवाइन, कटी हुई धनिया, 2-3 बारीक कटी हरी मिर्च, स्वादानुसार नमक, 4 बड़े चम्मच घी

**विधि :**

- सबसे पहले फूलगोभी को कद्दूकस की मदद से घिस लें।
- अब इसमें हरी मिर्च, कटी हुई धनिया, अजवाइन, और नमक डालकर अच्छे से मिलाएं।
- आटा गूंथ लें, इसकी लोइयां बनाकर उसमें तैयार किए हुए गोभी भरें।
- फिर धीरे-धीरे इसे बेल लें, इसके बाद तवे पर घी गर्म करें और पराठे बना लें।
- चटनी के साथ सर्व करें और पराठों का आनंद लें।


## शब्द सामर्थ्य- 260

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 259 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू-दोकू- 260

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.259 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |